राष्ट्रिय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड)

वित्तीय साक्षरता स्लोगन

बैंक बचत खाता
- सफलता की कुंजी

रुपे किसान कार्ड
किसान की समृद्धि का आधार

ग्रामीण विकास की है पुकार
बैंक से जुड़े हर परिवार

बैंक की ओर कदम बढ़ाओ
सरकारी योजनाओं का लाभ उठाओ

बैंक में बचत और ऋण की है सुविधा
जीवन में न होगी कोई दुविधा

बचत, ऋण, बीमा का कमाल
बैंक से जुड़ हो सभी खुशहाल

बैंक में खाता खुलवाएं
सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं
बचत करें और ऋण भी पाएं
जीवन में खुशहाली लाएं

छोटे किसान, खेतीहर मज़दूर
कल तक थे जो बैंक से दूर
संयुक्त देयता समूह बनाये
आसान शर्तों पर बैंक से ऋण पाएं

गरीब महिलाओं बढ़ाओ हाथ
छोटी बचत करो सब साथ
स्वयं सहायता समूह बनाओ
बैंक से भी सहायता पाओ

चलो एक मशाल जलाएं
जागरुकता की लहर जगाएं
बैंकों में अपना खाता खोलें
वित्तीय धारा से नाता जोड़े

कहे बैंक जब सुन ले ग्राहक
प्रगति दूर रहे न नाहक
बैंक में जा, सुविधाएं पा
गांव समाज को आगे बढ़ा

बैंक का खाता हर आदमी के लिए ज़रुरी है. इससे मिलती है बचत, जमा राशि पर ब्याज, ऋण और पैसे भेजने या मंगवाने की सुविधा. सरकार द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी सीधे बैंक खाते में ही जमा होगी.

रुपे किसान कार्ड के माध्यम से आसान प्रक्रिया से किसान भाई बैंक से ऋण ले सकते हैं. कृषि के लिए बीज, खाद, दवाईयां, सिंचाई उपकरण आदि जैसे ज़रुरी चीज़े भी खरीदी जा सकती हैं. नया रुपे किसान कार्ड अब एटीएम/ पीओएस मशीन पर चल सकता है.

बिजनेस कॉरस्पॉण्डेंट (बीसी) बैंक द्वारा नियुक्त किये गये बैंक के प्रतिनिधि हैं जो बैंक की सारी सुविधाएं ग्राहक को उनके गावों में ही उपलब्ध कराते हैं. जमा की गई राशि की जिम्मेदारी बैंक की ही होती है.

****